उन्नाव पुलिस

सराहनीय कार्य
थाना दही, जनपद उन्नाव

दिनाँक 10.11.2022

कूट रचित आधार कार्ड ,पैन कार्ड , वोटर आई0डी0 व अन्य कई दस्तावेज बनाने वाले गिरोह का भण्डाफोड़ करते हुए चार अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक महोदय उन्नाव एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय नगर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना दही पुलिस एवं स्वाट/सर्विलांस टीम द्वारा कूटरचित आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी सहित अन्य कई दस्तावेज बनाने वाले गिरोह का भण्डाफोड़ करते हुए गिरोह के चार सदस्यों को भारी मात्रा में कूटरचित दस्तावेज व कूटरचना करने वाले सामान के साथ गिरफ्तार किया गया।

संक्षिप्त विवरणः- आज दिनाकं 10.11.2022 को मै थानाध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह, व0उ0नि0 संजीव कुमार शाक्य , उ0नि0 प्रशान्त द्विवेदी ,मय हमराह फोर्स व प्रभारी स्वाट टीम श्री प्रदीप कुमार मय हमराह स्वाट / सर्विलांस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर बाईपास पुल के नीचे से सैंट्रो कार सं0 यूपी 35 एसी 7775 से अभियुक्तगण 1.सार्थक मिश्रा उम्र 28 वर्ष, 2.प्रशान्त अवस्थी उम्र 22 वर्ष, 3.पुष्पेन्द्र राजपूत उम्र 19 वर्ष, 4.ब्रजेश मिश्रा उम्र 21 वर्ष को गिरफ्तार किया गया । जिसके संबन्ध में मु0अ0सं0 365/22 धारा 417/419/420/467/468/471 IPC व धारा 73/74 IT Act. बनाम उपरोक्त अभियुक्तगण पंजीकृत किया गया।

पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि सभी लोग मिलकर पैसों के लालच में 500 रू0 से 5000 रू0 प्रति ग्राहक लेकर फर्जी तरीके से मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड ,पैन कार्ड, जन्मतिथि प्रमाण पत्र आदि बनाने का कार्य करते हैं । अभियुक्त पुष्पेन्द्र राजपूत ने बताया कि वह शिवनगर स्थित किराये की दुकान में सीएचसी के माध्यम से रायल जन सेवा केन्द्र चलाता है, दिन भर वह व ब्रजेश मिश्रा अलग अलग ग्राहको से फर्जी दस्तावेज बनाने का आर्डर लेते है फिर हम चारो

लोग फर्जी दस्तावेज बनाते है। किसी भी व्यक्ति द्वारा संपर्क करने पर मेरे द्वारा पहले फर्जी तरीके से जन्म प्रमाण पत्र व मतदाता पहचान पत्र बनाते थे और उसी फर्जी मतदाता पहचान पत्र के आधार पर आधार कार्ड बनाते थे और इसके लिये हम लोग एक व्यक्ति से पांच हजार रूपये तक लेते थे जिसमे हम चारो लोग मिलकर आपस मे बांट लेते थे । प्रशान्त अवस्थी व सार्थक मिश्रा ने बताया कि हम लोग सुचाई टेलीकाम कम्पनी जिसके मालिक पंकज भगत नि0 गोरखपुर मो0नं0 9451062802 व सुपरवाइजर अभिनव मिश्रा मो0नं0 9120631300 है उपरोक्त कम्पनी ने पीडी नगर उन्नाव व नवाबगंज उन्नाव का आधार कार्ड बनाने का टेन्डर बीएसएनएल आफिस उन्नाव के माध्यम से ले रखा है जिसमे हम दोनो को सुपरवाइजर अभिनव मिश्रा द्वारा बीएसएनएल पीडी नगर में 9000- 9000 हजार - रू0 वेतन प्रति माह आधार कार्ड बनाने के लिये टेण्डर के माध्यम से नियुक्त किया गया है और बताया कि अभी तक हम लोग काफी लोगो के फर्जी तरीके से जन्मतिथि प्रमाण पत्र , मतदाता पहचान पत्र, पैन कार्ड व आधार कार्ड बनाकर दे चुके है ।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरणः-

1.सार्थक मिश्रा पुत्र विनय मिश्रा नि० पूरन नगर एसबीएम इंटर कालेज के सामने थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव उम्र 28 वर्ष,
2.प्रशान्त अवस्थी पुत्र स्व0 अरूण कुमार अवस्थी नि0 8/51 सीताराम कालोनी ऋषि नगर शुक्लागंज थाना गंगाघाट उन्नाव उम्र 22 वर्ष,
3.पुष्पेन्द्र राजपूत पुत्र रामेन्द्र कुमार नि0 मुकुन्दखेडा टीकरगढी थाना दही जनपद उन्नाव उम्र 19 वर्ष,
4.ब्रजेश मिश्रा पुत्र निर्मल कुमार मिश्रा नि0 130/19 बगाही भट्टा टी0पी0 नगर थाना बाबू पुरवा जनपद कानपुर नगर उम्र 21 वर्ष

आपराधिक इतिहास-

जाँच में अभी तक किसी अभियुक्त का आपराधिक इतिहास प्रकाश में नहीं आया है।

बरामदगी का विवरण-

02 अदद सीपीयू ,
02 अदद मानीटर,
01 अदद प्रिन्टर,
01 अदद लेपटाप,
02 अदद की बोर्ड,
01 अदद फुल बायोमैट्रिक डिवाइस,
02 अदद सिंगल फिंगर बायोमैट्रिंक डिवाइस,
02 अदद माउस,
01 अदद लेमीनेटर मशीन,
01 अदद आइरिस डिवाइस,
02 अदद पावर केबिल,
02 अदद VGA केबिल,

01 अदद वेब कैमरा,
01 अदद अमेरिकन टूरिस्टर पिट्ठू बैग,
56 अदद कूट रचित पहचान पत्र कार्ड,
02 अदद कूट रचित पैन कार्ड,
08 अदद कूट रचित जन्म प्रमाण पत्र,
06 अदद फर्जी आधार कार्ड,
09 अदद सिम,
01 अदद सेन्ट्रो कार नं0 यूपी 35 एसी 7775,
एक रिम ए-4 साइज पेपर,
13 अदद फोटो पेपर

गिरफ्तार करने वाली थाना दही पुलिस टीम–

1. थानाध्यक्ष श्री राघवेन्द्र सिंह
2. व0उ0नि0 श्री संजीव कुमार शाक्य
3. उ0नि0 श्री प्रशान्त द्विवेदी
4. हे0का0 ज्ञान सिंह
5. का0 विजय कुमार
6. का0 सचिन कुमार
7. का0 सिद्दान्त कुमार

स्वाट टीम -

1. स्वाट टीम प्रभारी श्री प्रदीप कुमार
2. उ0नि0 श्री राजेश मिश्रा
3. का0 आशीष मिश्रा
4. का0 सुनील कुमार
5. का0 अंकित बैसला
6. का0 रवि कुमार
7. का0 कृष्ण प्रताप सिंह

सर्विलांस टीम-

1. हे0का0 अब्दुल जब्बार
2. का0 राधेश्याम
3. का0 तरुण कुमार सिंह